देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.03.2026
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने कहा– राजधानी देहरादून सहित सभी जिलों में रसोई गैस, पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति सामान्य; जमाखोरी और कालाबाज़ारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करेंगे।
- ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में राज्य विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही जारी, आज बजट पर चर्चा और कई विधेयकों के पारित होने की संभावना।
- और, चमोली जिले के कर्णप्रयाग–लंगासू क्षेत्र के जंगलों में आग लगने से वन संपदा को नुकसान, आग पर काबू पाने के प्रयास जारी।

~~रसोई गैस किल्लत~~

प्रदेश सरकार ने आश्वासन दिया है कि राजधानी देहरादून सहित सभी जिलों में रसोई गैस, पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि अफरा–तफरी में खरीदारी या जमाखोरी न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

सरकार के अनुसार रसोई गैस की बुकिंग अब 25 दिनों बाद हो सकेगी। उपभोक्ता वेब पोर्टल, एसएमएस, मिस्ड कॉल और व्हाट्सएप सहित कई माध्यमों से गैस बुक कर सकते हैं। कालाबाज़ारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रवर्तन दल लगातार निगरानी कर रहा है।

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा है कि एलपीजी गैस की कालाबाज़ारी, अवैध भंडारण और घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देश पर एलपीजी गैस से जुड़ी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। नागरिक हेल्पलाइन नंबर 1 0 7 7 और व्हाट्सएप नंबर 75 34 82 60 66 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

रसोई गैस किल्लत

उधर, बागेश्वर में घरेलू गैस सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य बनाए रखने के लिए जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडरों के उपयोग पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और नागरिकों को घबराने या पैनिक बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है।

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 18 हजार 640 करोड़ रुपये जारी करेंगे।

बजट सत्र

चमोली जिले के गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन की कार्यवाही आज पक्ष और विपक्ष के सवाल–जवाब के साथ शुरू हुई। अंतिम समाचार मिलने तक सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से जारी है।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने बताया कि आज सदन में बजट पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण विधेयकों को भी चर्चा के बाद पारित किए जाने की संभावना है।

चैकिंग अभियान

"ड्रग्स फ्री देवभूमि" अभियान के अंतर्गत पौड़ी पुलिस ने चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 81 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। इस दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने दोनों वाहनों को भी सीज कर लिया है और गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्रवाई

उत्तरकाशी जिले के 52 प्रगतिशील किसानों का एक दल आज पंतनगर में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हुआ। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कॉरिडोर योजना के तहत किसानों को हरी झंडी दिखाकर पंतनगर के लिए रवाना किया।

13 से 16 मार्च तक चलने वाले इस मेले में किसान आधुनिक खेती के विभिन्न आयामों, उन्नत बीजों और कृषि यंत्रों की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि खेती में नवाचार समय की मांग है और ऐसे भ्रमण कार्यक्रमों से किसानों को नई तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी मिलती है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता और आय में वृद्धि हो सकती है।

मुख्य कृषि अधिकारी एस.एस. वर्मा ने बताया कि नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कॉरिडोर योजना के तहत आयोजित इस राज्य स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम में किसान विभिन्न प्रदर्शनी देखने के साथ ही प्राकृतिक खेती से जुड़ी तकनीकों और प्रशिक्षण की जानकारी भी प्राप्त करेंगे।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह चमोली जिले के गैरसैंण में भ्रमण के दौरान भारतीय सेना के सेवानिवृत्त सैनिक मेहरबान सिंह के प्रतिष्ठान पर चाय की चुस्कियों का आनंद लिया। इस दौरान मेहरबान सिंह ने मुख्यमंत्री को भेंट स्वरूप घर पर बने पारंपरिक अरसे भी दिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक और जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से सीधे संवाद का यह माध्यम उन्हें और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

वनाग्नि

चमोली जिले में जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कर्णप्रयाग के लंगासू क्षेत्र के पास जंगलों में भीषण आग धधक रही है, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग की ओर से आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन कई स्थानों पर आग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पाया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में जंगलों की आग और भी गंभीर रूप ले सकती है।

प्रदूषण

हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाली अवैध इकाइयों के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कार्रवाई करते हुए दो इकाइयों में लगी पांच मशीनों को सीज कर दिया है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने शिकायत की थी कि क्षेत्र में प्लास्टिक गलाने के कारण धुआं और दुर्गंध फैल रही है। शिकायत के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए पांच मशीनों को सीज कर दिया गया।